प्रेस नोट

दिनांक 18.06.2025

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा हमीरपुर में प्रशिक्षण व्यवस्थाओं एवं भवनों का निरीक्षण।

आज दिनांक 18.06.2025 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण कर जनपद को आवंटित नव नियुक्त आरक्षियों हेतु संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण से संबंधित समस्त आवश्यक तैयारियों की गहन समीक्षा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण भवनों, आवासीय सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत संसाधनों का भी बारीकी से अवलोकन किया गया प्रशिक्षण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कहा कि प्रशिक्षण में अनुशासन, नियमितता तथा कार्यकुशलता को प्राथमिकता दी जाए, जिससे आरक्षियों को एक सुदृढ़ एवं प्रभावशाली प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान श्रीमान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी लाइन्स, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।